अन्य उदाहरण शब्द समूह के लिए एक शब्द

शब्द समूह अनेक शब्दों के लिए	एक शब्द
जो कभी बूढ़ा न हो	अजर
प्रतिदिन होने वाला	दैनिक
सप्ताह में एक बार होने वाला	साप्ताहिक
महीने में एक बार होने वाला	मासिक
वर्ष में एक बार होने वाला	वार्षिक
जिसमें दया न हो	निर्दयी
जो परीक्षा में असफल हो जाए	अनुत्तीर्ण
जिसमें धैर्य न हो	अधीर
उपकार को मानने वाला	कृतज्ञ
उपकार को न मानने वाला	कृतघ्न
जो कभी न मरे	अमर
अच्छे भाग्य वाला	भाग्यशाली
गोद लिया हुआ	दत्तक
जिसकी तुलना न हो सके	अतुलनीय
रात में विचरण वाला	निशाचर
जिसके आने की तिथि निश्चित न हो	अतिथि

अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

शब्द समूह	एक शब्द
जिसे करना आवश्यक हो	अनिवार्य
जो माँस खाता हो	माँसाहारी
जो साग-सब्ज़ी खाता हो	शाकाहारी
ज़िसका कोई आकार न हो	निराकार

अभ्यास

1. निम्नलिखित शब्द-समूहों का उनसे संबंधित एक शब्दों से मिलान कीजिए– (लेखन गतिविधि)

(क) जिसने अपराध न किया हो	- निरपराधी	तपस्वी
(ख) मीठा बोलने वाला	- मृदुभाषी	भाग्यशाली
(ग) जिसमें दया न हो	- निर्दयी	अल्पभाषी
(घ) साथ-साथ पढ़ने वाला	- सहपाठी	निरपराधी
(ङ) तप करने वाला	- तपस्वी	मृदुभाषी
(च) कपड़े सिलने वाला	- दर्जी	निर्दयी
(छ) अच्छे भाग्यवाला	- भाग्यशाली	सहपाठी
(ज) कम बोलने वाला	- अल्पभाषी	दर्जी

2. निम्नलिखित शब्द जिन शब्द-समूहों के लिए प्रयुक्त होते हैं, उन्हें लिखिए–

(क) दर्शक देखने वाला

(ख) सहपाठी साथ-साथ पढ़ने वाला।

(ग) वक्ता भाषण देने वाला

(घ) अधीर जिसमे धैर्य न हो

(ङ) अनिवार्य जिसे करना आवश्यक हो.

3. रंगीन छपे शब्द-समूहों के लिए एक शब्द लिखकर वाक्य दोबारा लिखिए–

(क) रेखा काम से बहुत जी चुराती है।

रेखा कामचोर है।

(ख) विशाल भोजन में केवल फल और सब्ज़ी खाता है।

विशाल शाकाहारी है

(ग) सुरेश के माता-पिता नहीं हैं।

सुरेश अनाथ है

(घ) अमर उजाला प्रतिदिन छपने वाला अख़बार है।

अमर उजाला दैनिक अखबार है।

(ङ) तोता, कौआ, कबूतर आदि नभ में विचरण करने वाले जीव हैं।

तोता कौआ कबूतर आदि नभचर है।

रचनात्मक कार्य

1. निम्नांकित चित्रों को पहचानकर उनके नाम से संबंधित शब्द-समूह लिखिए-

(क)

____

____

____

(ख)

____

____

____

(ग)

____

____

____

2. निम्नलिखित शब्द-समूहों के लिए एक शब्दों को वर्ग पहेली में ढूँढ़कर घेरा बनाइए-

(क) उपकार को मानने वाला

(ख) गणित को जानने वाला

(ग) जिसमें धैर्य न हो

(घ) जो कभी बूढ़ा न हो

(ङ) जिसका कभी अंत न हो

(च) जो मर्यादा के विरुद्ध हो

अ	को	शा	कृ	ग
फ	धु	ठ	त	ही
ग	णि	त	ज्ञ	अ
शा	स	अ	ल	म
र्म	क	ज	ला	र्या
अ	धी	र	त	दि
ना	क	अ	नं	त

शिक्षण-संकेत

- शिक्षक छात्रों को श्रुतिसम-भिन्नार्थक शब्दों के बारे में समझाएँ, फिर उनसे विभिन्न श्रुतिसम-भिन्नार्थक शब्दों के अर्थ पूछें।